आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247

JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात

जालंधर, शनिवार 20 जुलाई 2024

+91-97814-00247

सुविचार

किस्मत के पन्ने वही पलटता है, जो दिन रात मेहनत करता है!

@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# विदेशी विमानों से भर गया भारत का आसमान!

## Microsoft के सर्वर में आई गड़बड़ी ने कैसे बढ़ाई मुश्किलें?

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** आमतौर पर भारत का आसमान घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स से भरा रहता है। लेकिन, शुक्रवार को यह एक अजीब तरह के खालीपन से भरा हुआ मिला। दिग्गज टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के एक सर्वर में आई गड़बड़ी ने भारत समेत दुनियाभर की एयरलाइंस के काम को ठप कर दिया है।

एयर इंडिया, इंडिगो, अकासा एयर और स्पाइसजेट जैसी भारतीय एयरलाइंस तकनीकी समस्याओं का सामना कर रही थीं, जिसके चलते उन्हें अपनी फ्लाइट्स को जमीन पर उतारना पड़ा। समस्या इतनी गंभीर हो गई कि उन्हें टिकट बुकिंग तक रोकनी पड़ गई। इसके अलावा चेक-इन में समस्याएं आईं। इस वजह से आज भारत के आसमान में घरेलू फ्लाइट्स के बजाय केवल विदेशी विमान ही देखने को मिले। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के मुताबिक दोपहर ठीक 2.26 बजे टोक्यो से नई दिल्ली आ रही जापानी एयरलाइन ऑल निप्पोन की




फ्लाइट अपने डेस्टिनेशन पर पहुंचने वाली थी। इसी दौरान उत्तर प्रदेश के ऊपर थाई एयरवेज की फ्लाइट 922 उड़ान भर रही थी जो बैंकॉर से फ्रैंकफर्ट जा रही थी।

फ्लाईनास 9400 फ्लाइट मदीना से ढाका जा रही थी। विस्तारा का एक विमान ढाका से मुंबई की ओर जा रहा था। इसके साथ ही सिंगापुर एयरलाइंस की एक फ्लाइट सिंगापुर से लंदन को जा रही थी। आम तौर पर भारत के आसमान में सितारों की तरह निशान बनाने वाली इंडिगो की फ्लाइट्स का नामोनिशान तक देखने को नहीं मिल रहा था। इसका असर दुनियाभर की एयरलाइंस पर पड़ा है।

**बाकी शेष पृष्ठ 5 पर**

### बैंक, बिजनेस पर भी पड़ा असर

उल्लेखनीय है कि ये दिक्कतें माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विसेज में आए ग्लिच की वजह से आई हैं। इसके चलते बड़े स्तर पर फ्लाइट्स कैंसिल और डिले हुई हैं। ऐसा न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में हो रहा है। बता दें कि केवल एयरलाइंस ही नहीं बल्कि कई बिजनेस, कंपनियां और बैंक भी इस दिक्कत के चलते ठप हो गए हैं। सोशल मीडिया पर इसे लेकर बड़ी संख्या में शिकायतें देखने को मिल रही हैं। कई लोगों ने शिकायत की है कि उनका विंडोज सिस्टम क्रैश कर रहा है। उनके कंप्यूटर की स्क्रीन नीली हो जा रही है और एरर का मैसेज आ रहा है। माइक्रोसॉफ्ट इस समस्या का समाधान करने की कोशिशें कर रहा है। उसकी प्रायोरिटी टीम इस समस्या को सुलझाने की कोशिशों में जुटी हुई है।

# सांसद अमृतपाल के भाई हरप्रीत सिंह को दो दिन की पुलिस रिमांड, ड्रग्स के साथ हुआ था गिरफ्तार

**जालंधर ( सन्नी सहगल ) :** पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट से सांसद अमृतपाल सिंह के भाई हरप्रीत सिंह को जालंधर सेशन कोर्ट ने 2 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दी है। हरप्रीत सिंह को पुलिस ने 4 ग्राम आइस ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था।



पंजाब पुलिस शुक्रवार को जालंधर सेशन कोर्ट में अमृतपाल के भाई हरप्रीत और लवप्रीत को लेकर पहुंची थी।

**4 ग्राम आइस ड्रग्स की हुई थी बरामदी**

बीते दिनों जालंधर देहात पुलिस ने फिल्लौर में एक गाड़ी में बैठकर नशा करते हुए खालिस्तानी समर्थक और सांसद अमृतपाल के भाई हरप्रीत और उसके साथी लवप्रीत को गिरफ्तार किया था। दोनों के पास से 4 ग्राम आइस ड्रग्स मिली थी।

पुलिस ने इन दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो पता चला कि दोनों लुधियाना के तस्कर संदीप से नशा लेकर आए हैं। ऐसे में पुलिस ने संदीप को भी गिरफ्तार कर लिया।

**कोर्ट ने भेजा दो दिन की पुलिस रिमांड पर :** पुलिस ने तीनों को अदालत में पेश किया जहां से हरप्रीत और लवप्रीत को जेल भेज दिया गया जबकि संदीप को पुलिस ने तीन दिन के रिमांड पर लिया था।

संदीप से पूछताछ के बाद पुलिस ने मयंक नाम के एक और आरोपित को गिरफ्तार किया था। वहीं, अब सांसद अमृतपाल सिंह के भाई हरप्रीत सिंह हैप्पी को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

# केदारनाथ मंदिर से गायब हुआ 228 किलो सोना?

## CM धामी ने बता दिया इसके पीछे का सच

**जालंधर ( हिमांशु ) :** केदारनाथ धाम में 228 किलो सोना गायब होने के विवाद पर सीएम धामी का बयान सामने आया है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के आरोप लगाने के 5 दिन बाद अब उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का इस आरोप का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा लगाए गए सभी आरोप तथ्य से परे हैं। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ धाम समेत चारों धाम के विकास में प्रधानमंत्री मोदी के योगदान के बारे में भी बताया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री धामी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मैं राजनीतिक दलों के मित्रों से आग्रह करता हूं कि चारधाम पर राजनीति न करें।



पुष्कर सिंह धामी पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा लगाए गए आरोपों पर उनसे सवाल पूछा गया। सवाल का जवाब देते हुए सीएम धामी ने कहा कि ये आरोप तथ्य से परे हैं। जवाब देते हुए धामी ने आंकड़े भी बताए। धामी ने कहा कि जब से मंदिर का निर्माण और नवनिर्माण हुआ है तब से लेकर आजतक इतना सोना मंदिर में नहीं आया होगा। उन्होंने एक आंकलन देते हुए बताया कि इसका चौथाई हिस्सा ही आजतक मंदिर में आया होगा। सीएम धामी ने कहा कि इस मामले पर मैं ज्यादा नहीं बोलना चाहता हूं, क्योंकि मंदिर समित के साधु-संतो ने इस बात का खंडन किया है। उन्होंने कहां कि साधु-संतों ने भी इस आरोप को तथ्यों से परे बताया है। इस दौरान सीएम धामी ने कहा कि वो बाबा केदारनाथ का धाम है और बाबा के घर में कोई इस तरह का कृत्य करेगा तो बाबा की नजरों से वो बच नहीं सकता है।

बता दें, बीते दिनों ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने केदारनाथ मंदिर से 228 किलो सोना गायब होने का आरोप लगाया था।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।

Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)

Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# पंजाब रोडवेज की बस ने ओवरटेक कर रहे वाहन को मारी टक्कर, 15 सवारियां घायल

**जालंधर ( हिमांशु ) :** कालका-शिमला फोरलेन पर गुरुवार देर रात करीब नौ बजे एक बस हादसे का शिकार हो गई। पुलिस थाना धर्मपुर के अंतर्गत सनवारा टोल प्लाजा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पंजाब रोडवेज की बस (पीबी 02-ईजी-9524) चंडीगढ़ से शिमला जा रही थी।

इसी दौरान बस ने तेज रफ्तार में ओवरटेक करते हुए टिप्पर को टक्कर मार दी, जिससे 15 सवारियों को चोटें आई। बस में कुल 25 से 30 सवारियां थीं, इस दुर्घटना में 15 सवारियों को चोटें आई है।

### धर्मपुर में चल रहा उपचार

घायलों को उपचार हेतु सीएचसी अस्पताल धर्मपुर ले जाया गया, जिनमें 13 सवारियों का धर्मपुर में उपचार चल रहा है व दो घायलों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन ले जाया गया है। जांच के दौरान व बस में बेटी सवारियों से पूछताछ करने पर यह पाया गया है, कि यह हादसा बस चालक द्वारा बस को तेज रफ्तार, लापरवाही व ओवरटेक करने के कारण हुआ।




### आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज

इस पर पुलिस थाना धर्मपुर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 281,125 के तहत पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच के दौरान आरोपित चालक गुरजीत सिंह निवासी गांव मडी मेगा, तहसील पटटी, जिला तरनतारन, पंजाब को गिरफ्तार किया गया। एसपी सोलन गौरव सिंह ने कहा कि मामले की जांच प्राथमिकता के आधार पर जारी है।

# पैसों के लेनदेन से परेशान प्रिंटिंग प्रेस मालिक ने की आत्महत्या, सब्जी विक्रेता पर केस दर्ज

**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** खन्ना में प्रिंटिंग प्रेस मालिक ने पैसों के लेनदेन से दुखी होकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अमित स्याल (52) निवासी गुलमोहर नगर खन्ना के तौर पर हुई है।



अमित ने अपने छोटे भाई की फैक्ट्री में जाकर सल्फास निगल कर जान दे दी। उसे गंभीर हालत में एक के बाद एक तीन अस्पतालों में ले जाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका।

इस मामले में पुलिस ने एक सब्जी विक्रेता रिंकू लखिया के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। अमित स्याल का रिंकू लखिया के साथ पैसों के लेनदेन का मामला बताया गया है। आरोप है कि रिंकू लखिया अमित को मानसिक रूप से लगातार प्रताड़ित कर रहा था। सुसाइड नोट में भी रिंकू लखिया को जिम्मेदार ठहराया गया। सिटी थाना 2 पुलिस ने मृतक अमित के भाई रजनीश स्याल के बयानों पर रिंकू लखिया के खिलाफ केस दर्ज किया है। रजनीश के अनुसार, उसके भाई अमित ने उसे बुक्स मार्केट में स्याल प्रिंटिंग प्रेस पर बिठाया और खुद उसकी फैक्ट्री में खन्ना खुर्द चला गया। वहां से अमित ने फोन करके कहा कि वह रिंकू लखिया से बहुत दुखी हो चुका है और उसने सल्फास की तीन गोलियां निगल ली हैं। सुसाइड नोट उसकी जेब में है।

### तीन अस्पतालों में लेकर घूमता रहा भाई

अमित की बात सुनकर रजनीश घबरा गया और तुरंत एक्टिवा पर फैक्ट्री पहुंचा। वहां से अपने भाई अमित को लेकर पहले पीरखाना रोड पर एक निजी अस्पताल गया। वहां से उन्हें सिविल अस्पताल भेजा गया। सिविल अस्पताल में फर्स्ट एड देने के बाद उसके भाई को रेफर किया गया। रजनीश अपने भाई अमित को लेकर आइवी अस्पताल गया, जहां उसके भाई की मौत हो गई। एसएचओ गुरमीत सिंह ने कहा कि आरोपित रिंकू लखिया के खिलाफ केस दर्ज करके उसकी तलाश की जा रही है।

## पानी की बारी को लेकर झगड़ा

# गोलीबारी में पिता-पुत्र की मौत, जमीन को लेकर पड़ोसी से चल रहा था विवाद

**जालंधर( हिमांशु ) :** जिले के गांव पक्का में गुरुवार देर शाम को पानी की बारी को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया, जिसमें एक पक्ष ने झगड़े के दौरान फायरिंग की। इस घटना में दूसरे पक्ष के पिता-पुत्र की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई।



इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए।

मामले की सूचना मिलते ही डीएसपी जलालाबाद, अछरू शर्मा, पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। इस संबंध में फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है।

मौके पर मौजूद मृतक के भाई, कारज सिंह ने बताया कि उसके भाई अवतार सिंह ने गांव पक्का में करीब 8 एकड़ जमीन ठेके पर ली हुई थी, जबकि इससे पहले गांव के ही निवासी बलविंदर सिंह ने जमीन को ठेके पर लिया हुआ था। लेकिन मालिकों के साथ कुछ विवाद के चलते उन्होंने बलविंदर सिंह की बजाय अवतार सिंह को जमीन ठेके पर दे दी, जिससे बलविंदर सिंह रंजिश रखता था। दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ। गुरुवार को जब उसका भाई अवतार सिंह और भतीजा हरमीत सिंह खेत में मौजूद थे, तो बलविंदर सिंह के साथ पानी को लेकर झगड़ा हुआ। बलविंदर सिंह ने जहां से पानी खेतों तक पहुंच रहा था, उसे बंद कर दिया और कहा कि वह कहीं और से पानी ले। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ, जिसमें दूसरे पक्ष के लोगों ने उसके भाई और भतीजे पर फायरिंग कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया।


कारज सिंह ने बताया कि परिवार में अब केवल एक बेटा बचा है, लेकिन वह भी अपाहिज है। इस घटना के बाद परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। उधर, मामले की सूचना मिलते ही डीएसपी जलालाबाद मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि गांव पक्का में गोलीबारी का मामला सामने आया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि 315 बोर की बंदूक से फायर किया गया हो सकता है।

इस संबंध में पुलिस जांच कर रही है। बयान दर्ज करने के बाद उक्त मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली-जम्मू-कटरा एक्सप्रेस-वे : माता वैष्णो देवी के भक्तों के लिए यात्रा होगी आसान, समय और टोल शुल्क में होगी कटौती

**जालंधर( मेघा सेठी ) :** माता वैष्णो देवी के भक्तों के लिए एक राहत की खबर सामने आई है। अब भक्तों का माता के दरबार जाना और भी आसान हो गया है। दरअसल, दिल्ली-जम्मू-कटरा एक्सप्रेस-वे के बनते ही श्रद्धालु 7 से 8 घंटे में कटरा पहुंच जाएंगे। बता दें कि अभी इस सफर को पूरा करने में करीब 11-12 घंटे लगते हैं।

दिल्ली-जम्मू-कटरा एक्सप्रेस-वे और रिंग रोड प्रोजेक्ट का काम भारत माला परियोजना के तहत तेजी से चल रहा है। 35 हजार करोड़ की लागत से तैयार होने वाले इन प्रोजेक्ट्स में पंजाब में 11 नए टोल बनाए जाएंगे। ये प्रोजेक्ट दिल्ली, पंजाब, और जम्मू-कश्मीर को आपस में जोड़ेंगे, जिससे लोगों का काफी समय बचेगा।



हाईवे बनने से दिल्ली से कटरा जाने में अभी 11 से 12 घंटे का समय लगता है, जबकि हाईवे बनने के बाद 7 से 8 घंटे का समय लगेगा। अंबाला से जालंधर आने में लगभग सवा 3 घंटे का समय लगता है, लेकिन हाईवे बनने पर सफर करीब डेढ़ घंटे का रह जाएगा। पटियाला से जालंधर आने में लगभग तीन घंटे का समय लगता है, लेकिन हाईवे बनने पर यह सफर लगभग सवा घंटे में पूरा हो जाएगा।

दिल्ली से अमृतसर जाने में अभी 8 से 9 घंटे लगते हैं, लेकिन हाईवे बनने पर यह समय घटकर 5 से 6 घंटे रह जाएगा।

नए टोल निम्न स्थानों पर लगेंगे- पातड़ां से चंडीगढ़ के बीच, संगरूर में, मालेरकोटला से पटियाला के बीच, मालेरकोटला से लुधियाना के बीच, लुधियाना से अंबाला, नकोदर से लुधियाना के बीच, जालंधर से नकोदर के बीच, कपूरथला से जालंधर के बीच, दसूहा से होशियारपुर के बीच, बटाला से पठानकोट के बीच, और पठानकोट से जम्मू-कश्मीर के बीच।

राहत की बात यह है कि ये सारे टोल सैटेलाइट बेस्ड होंगे, यानी बिना रुके ही आपका टोल ऑटो कट हो जाएगा। इससे ट्रैफिक की समस्या नहीं रहेगी। प्रोजेक्ट अधिकारी ने कहा कि टोल के नीचे से गुजरते ही पैसे खुद वाहन चालक के खाते से कट जाएंगे। इसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। पंजाब में इस प्रोजेक्ट की लंबाई करीब 261 किमी है। दिल्ली से कटरा तक अभी 727 किलोमीटर के लिए लोगों को टोल में आने और जाने के 2400 रुपए देने पड़ते हैं। अधिकारियों का कहना है कि नए टोल बनने से सभी टोल की कीमतें कम हो सकती हैं।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247



# मुक्तसर जेल में कैदियों की गुंडागर्दी

## पिक्स मशीनों से छेड़छाड़ रोकने पर जेल वॉर्डन पर जानलेवा हमला


**जालंधर( सन्नी सहगल ) :** मुक्तसर की जिला जेल में कैदियों की गुंडागर्दी देखने को मिली। जेल में पिक्स मशीनों के साथ छेड़छाड़ कर उनका दुरुपयोग करने से रोकने पर दो कैदियों ने लोहे के नुकीले हथियार से जेल वॉर्डन पर जानलेवा हमला कर दिया।

घायल हुए जेल वॉर्डन को तुरंत सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना गुरुवार शाम की है। आरोपित कैदी हत्या सहित अन्य अपराधिक मामलों में जेल में बंद हैं।

**2 कैदियों पर दर्ज हुआ केस**

मामले में जेल के सहायक सुपरिटेंडेंट के बयान पर थाना सदर में कैदी हरदीप सिंह पुत्र हरदेव सिंह निवासी जिला बरनाला व अप्रैल सिंह उर्फ शेरा पुत्र कर्म सिंह निवासी खुरशेरपुर जालंधर के खिलाफ जेल में माहौल खराब करने और सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है।

जिला जेल के सहायक सुपरिटेंडेंट ने बताया कि उक्त दोनों कैदी जेल में पिक्स मशीनों के साथ छेड़छाड़ कर उनका दुरुपयोग करने का प्रयास कर रहे थे। जेल कर्मियों ने इन कैदियों को 17 जुलाई को समझाया कि पिक्स मशीनों को हैंग करने से जेल का सिस्टम क्रैश होता है और अन्य कैदियों को अपने परिजनों से बातचीत करने में समस्या आती है।



18 जुलाई को लीगल सर्विस अथारिटी मुक्तसर से आए वकीलों द्वारा जेल के अंदर बंदियों को लीगल एड की जानकारी देने के लिए बैरकों का दौरा किया जा रहा था। इस दौरान इन कैदियों को समझाने के लिए अन्य बैरक में डालने के लिए बुलाया गया। कैदियों ने आने से इन्कार कर दिया, जब ड्यूटी वॉर्डन सुखदेव सिंह व पैसको कर्मचारी बोहड़ सिंह उक्त बंदियों को ब्लॉक नंबर चार में बुलाने गए तो कैदियों द्वारा इन कर्मचारियों से गाली-गलौज की गई और धमकी भी दी गई।

### हमले में घायल हुए जेल वॉर्डन

जब कर्मचारियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उक्त कैदियों द्वारा जेल वॉर्डन सुखदेव सिंह पर लोहे की किसी तीखी व नुकीली वस्तु से हमला कर दिया, जिससे वॉर्डन सुखदेव सिंह के चेहरे से खून निकलने लगा, जिसे तुरंत उपचार के लिए सिविल अस्पताल मुक्तसर में भेज दिया गया। उक्त कैदियों को जेल का माहौल खराब करने व शांति भंग करके अधिकारियों और कर्मचारियों को गलत शब्दावली का उपयोग करके उन पर जानलेवा हमला कर जेल नियमों का उल्लंघन करने और सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने के आरोप में जिला जेल सुपरिटेंडेंट की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है।

जिला जेल के सहायक सुपरिटेंडेंट वरुण ने बताया कि मामला शांत करवा लिया गया है। उक्त कैदियों का ट्रांसफर रोल तैयार करके डीजीपी को भेजा गया है।

# डेरा लाल बादशाह की गद्दी को लेकर फंसा पेच, दोनों तरफ से बढ़ा तनाव, प्रशासन ने रिसीवर नियुक्त किया

## इलाके के लोगों ने कहा हंसराज हंस को गद्दी पर नहीं बैठने देंगे



**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** जालंधर के नकोदर स्थित डेरा बाबा लाल बादशाह में गद्दी को लेकर तनाव बढ़ गया है। विवाद बढ़ता देख सरकार ने रिसीवर नियुक्त कर दिया है, लेकिन डेरे में वर्चस्व की जंग तेज हो गई है।

जालंधर देहात के एसपी मनप्रीत सिंह ढिल्लों और डीएसपी कुलविंदर सिंह विर्क ने डेरा लाल बादशाह के भीतर अस्थायी पुलिस कैंप बना लिया है। सारा विवाद गद्दी को लेकर है। पंजाब के सूफी गायक हंसराज हंस ने 10 साल पहले नकोदर स्थित बापू अलमस्त लाल बादशाह से सीधे तौर पर अपने संबंध तोड़ लिए थे। वह उस समय डेरे में गद्दीनशीन संत थे। इस डेरे की गद्दी 16 साल पहले हंसराज हंस को सौंपी गई थी। अब वह फिर से इस गद्दी को पाना चाहते हैं। उनके समर्थन में आप विधायक इंद्रजीत कौर मान और पवन गिल का गुट खड़ा हो गया है। वहीं, दूसरी तरफ इलाके के लोग हैं, जिन्होंने साफ कह दिया है कि हंसराज हंस को गद्दी पर नहीं बैठने देंगे। मामला पुलिस के गले की फांस बन चुका है। स्थिति तनावपूर्ण होती देखकर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### डेरा बाबा लाल बादशाह का मेला शुरू, पुलिस तैनात

डेरे के भीतर स्थिति को संभालने वाले एसपी मनप्रीत सिंह का कहना है कि मेला वीरवार से शुरू हो गया है। सरकार का रिसीवर नियुक्त हो चुका है।

डेरे में तनाव जरूर है, लेकिन स्थिति कंट्रोल में है। भारी संख्या में लोग श्रद्धा के साथ आ रहे हैं। बड़ी संख्या में पुलिस तैनात की गई है।



# सूफी गायक ज्योति नूरां ने अपने पति को गुंडों से पिटवाया, पति ने लागए गंभीर आरोप

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** मशहूर सूफी गायक ज्योति नूरां को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। ज्योति नूरां पर उसके पति कुणाल पासी ने हमलावरों को बुलाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर ज्योति नूरां और कुणाल पासी दोनों ने थाना रामामंडी की पुलिस को शिकायत दी है।

कुणाल पासी ने शिकायत में बताया कि ज्योति नूरां ने उसे विधिपुर फ्लाईओवर पर बुलाया था, जहां उसने फोन पर कहा कि वह उसका इंतजार कर रही है। कुणाल का आरोप है कि देर रात वह फॉर्च्यूनर गाड़ी में फ्लाईओवर पर गया, जहां ज्योति नूरां की फॉर्च्यूनर गाड़ी (पीबी 08 8008) के साथ एक और गाड़ी (पीबी 09 एजी 7129) खड़ी थी। कुणाल का आरोप है कि इस दौरान आई-20 कार आई, जिसमें सवार व्यक्ति खुद को पुलिस स्टाफ बता रहे थे। कुणाल का आरोप है कि इन व्यक्तियों ने पिस्तौल और तेजधार हथियार निकाल लिए और उस पर हमला कर दिया, जिसके बाद वह गाड़ी भगाकर वहां से निकल गया। कुणाल का आरोप है कि हमलावरों ने उसका पीछा करते हुए दोबारा कुछ दूरी पर आकर उस पर हमला किया। इस दौरान पीसीआर टीम के दविंदर सिंह गश्त पर तैनात थे, जिन्होंने हलचल देखी और मौके पर पहुंचे, लेकिन हमलावर फरार हो गए।

दूसरी ओर, ज्योति नूरां ने शिकायत में कहा है कि कुणाल का फोन आया था और उसने धमकी दी थी कि वह उसे अभी मिले, नहीं तो वह उसकी सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो पोस्ट कर देगा। ज्योति ने कहा कि वह विधिपुर फ्लाईओवर पर मिलने गई, जहां दो गाड़ियां खड़ी थीं, जिनमें एक गाड़ी (पीबी 08 एफजी 3961) मौजूद थी। इस गाड़ी से कुणाल बाहर आया और उसके साथ आल्टो गाड़ी में कुछ अज्ञात व्यक्ति थे।

ज्योति ने आरोप लगाया कि इन व्यक्तियों ने उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दीं और कुणाल उसे धमकाने लगा कि वह उसकी अश्लील वीडियो लीक कर देगा। अपनी जान को खतरा महसूस कर, ज्योति ने अपने पति अविनाश कुमार से फोन पर बात की। उसके पति ने अपने दोस्त पारस और बल्ली को सूचना दी और वे मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद कुणाल पासी गाड़ी लेकर वहां से फरार हो गया।

इस घटना को लेकर पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायतें मिली हैं और वे मामले की जांच कर रहे हैं।



# पंजाब में तरसा रहा मानसून, 17 जिलों में 21 जुलाई से दो दिन के लिए येलो अलर्ट जारी

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** मौसम विभाग ने पंजाब के 17 जिलों में 21 जुलाई से दो दिनों का यलो अलर्ट जारी कर दिया है। इन जिलों में पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, होशियारपुर, नवांशहर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, रूपनगर, पटियाला और एसएएस नगर शामिल हैं।

इन जिलों में तेज आंधी तूफान के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। पंजाब के न्यूनतम तापमान में 1.6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। पंजाब में वीरवार को अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री दर्ज किया गया। तापमान में 1.5 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। इससे अब यह सामान्य से 2.9 डिग्री ऊपर पहुंच गया है। बीते 24 घंटों में पठानकोट में 63.2 एमएम की भारी बारिश दर्ज की गई।

हालांकि, यह सामान्य से 2.2 डिग्री ऊपर बना है। विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में बारिश से तापमान में 1 से 2 डिग्री की कमी दर्ज की जा सकती है। अमृतसर का अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री, लुधियाना का 36.6 डिग्री, पटियाला का भी 36.6, पठानकोट का 35.8, बठिंडा का सबसे अधिक 38.3 डिग्री, फिरोजपुर का 36.8, गुरदासपुर का 35.8 और जालंधर का 35.7 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम 23.6 डिग्री का न्यूनतम पारा पठानकोट का दर्ज किया गया। इसके अलावा अमृतसर का 27.5, लुधियाना का 28.0, पटियाला का 28.0, बठिंडा का 30.2, फाजिल्का का 28.7 व जालंधर का 27.1 डिग्री दर्ज किया गया।

# सेना की वर्दी में फिर दिखे चार संदिग्ध, पुलिस ने की घेराबंदी, हर गली-चौराहे पर जवान तैनात

**जालंधर ( सन्नी सहगल ) :** जेएंडके में हुए आतंकी हमलों के बाद एक बार फिर से पंजाब के पठानकोट में चार संदिग्ध देखे गए हैं। चारों संदिग्ध सेना की वर्दी में हैं। पठानकोट में इससे पहले भी तीन संदिग्ध देखे गए थे, लेकिन पुलिस व आर्मी उन्हें ढूंढ नहीं पाई थी।

उसके बाद से ही पठानकोट पुलिस ने सुरक्षा का घेरा पूरी तरह से कड़ा किया है। फिर भी संदिग्धों को जिले में दूसरी बार मूवमेंट देखी गई है। ऐसे में जेएंडके व हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटे नाकों पर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई हुई है।

पठानकोट के हलका सुजानपुर क्षेत्र के गांव पडियां लाहड़ी निकट चक्क माधो सिंह में सेना वर्दी में चार संदिग्ध देखे हैं। जिस जगह संदिग्ध देखे उक्त खेत का मालिक मनवाल बाग का रहने वाला है और उसने जमीन की देखभाल के लिए 50 वर्षीय रूपलाल नाम को रखा हुआ है। इस पूरे वाक्य ने जिले में दोबारा दहशत का माहौल बना दिया है। हालांकि इससे पहले देखे गए जिले में संदिग्धों का पुलिस और सेना अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है।

शुक्रवार को भी सूचना मिलने के बाद थाना सुजानपुर की पुलिस ने करीब तीन घंटे तक गांव पडियां लाहड़ी समेत आसपास के गांव मुद्दे, गंदलालाहड़ी, छोटेपुर, रतन कॉलोनी, गोसांईपुर ,चझेली, निहालपुर और गुर्जरों के डेरे, सुनसान जगह पर तलाशी अभियान चलाकर सर्च की। हालांकि पुलिस के हाथ कोई संदिग्ध नहीं लगा।

रूप लाल के मुताबिक रात के समय जब वे फसल को पानी लगाने के लिए एक बजे के करीब खेत में गया तो सड़क की



तरफ से उसे चार व्यक्ति आते दिखाई दिए। चारों सेना की वर्दी में थे लंबे-लंबे बूट पहन रखे थे और उन चारों के पास हथियार भी थे। उनमें से एक व्यक्ति ने रूप लाल से पूछा कि आप रात के समय यहां क्या कर रहे हैं। इस पर रूप लाल ने जवाब दिया कि वे धान की फसल को पानी लगा रहा है। इसके बाद संदिग्धों ने पूछा मामून क्षेत्र को कौन सा रास्ता जाता है, तो रूप लाल ने जवाब दिया यह सीधी सड़क मामून को जाती है।

### तुम्हारे गांव में कुत्ते बहुत भौंकते हैं

रूप लाल ने बताया कि संदिग्ध उससे कह रहे थे कि तुम्हारे इस गांव में कुत्ते बहुत भौंकते हैं। यह बात करके वह चारों वापस खड्डु की तरफ चले गए। रूप लाल ने बताया कि संदिग्धों के बूट कीचड़ से भरे पड़े थे, मानो जैसे वे किसी कीचड़ भरा रास्ता पार करके आए हों। सुबह होने पर रूप लाल ने खेतों के पास बने फार्म हाऊस में काम करने वाले प्रीतम चंद को घटना संबंधी जानकारी दी। प्रीतम चंद ने अपने मालिक चरणजीत और गांव के कुछ लोगों को बताया। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया।

### मामून क्षेत्र में सेना का बेस

जो संदिग्ध मामून क्षेत्र का रास्ता पूछ रहे थे वे क्षेत्र पूरी तरह से सेना बेस में तबदील है। दाएं-बाएं सेना ने अपने कैंप और पोस्टें बनाई हुई है। संदेह यह भी जाता है कि अगर चारों लोग मामून का रास्ता पूछ रहे थे तो क्या उनका टारगेट पठानकोट में भी सेना तो नहीं क्योंकि जेएंडके में जितने भी आतंकी हमले हुए उनमें सबसे ज्यादा सेना पर ही अटैक किए गए हैं। मामून ही नहीं पूरा जिले ही सेना बेस से घिरा हुआ है।

# गोल्डी बराड़ और लॉरेंस के 3 गुर्गे गिरफ्तार, कई बड़े खुलासे होने की उम्मीद

**जालंधर( मेघा सेठी ) :** पटियाला पुलिस ने जबरन वसूली से जुड़े एक मामले में यूएसए में छिपे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और लॉरेंस गैंग के तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक पिस्तौल, पांच कारतूस और एक बाइक बरामद की है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया कि राजपुरा पुलिस ने मामले को सुलझा लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही कई बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। हालांकि, गिरफ्तार आरोपितों के बारे में जल्द ही जानकारी साझा की जाएगी। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी साझा की है।

### गोलीबारी के पीछे गोल्डी बराड़ का हाथ



पुलिस मुताबिक, जनवरी 2024 में चंडीगढ़ में एक व्यवसायी के आवास पर हुई गोलीबारी के पीछे भी गोल्डी बराड़ का हाथ था। गोल्डी बराड़ एनआईए की मोस्टवांटेड की सूची में शामिल है। उस पर पुलिस की तरफ से दस लाख का इनाम रखा गया है। वहीं, चंडीगढ़ पुलिस के केस में भी वह भगौड़ा है।

### गोल्डी बराड़ ही चला रहा है गिरोह

लारेंस बिश्नोई इस समय गुजरात जेल में बंद है। ऐसे में विदेश में बैठा गोल्डी बराड़ ही सारे गिरोह को चला रहा है। वह ही नेटवर्क में शामिल लोगों को डायरेक्शन देता है। इसके अलावा रंगदारी व आतंकी घटनाओं को अंजाम देता है। पंजाब पुलिस इस इन गिरोह के नेटवर्क को तोड़ने के लिए काम कर रही है।

# श्री रविदास विश्व महापीठ के अंतरराष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष बने विजय सांपला

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला को श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ का कार्यवाहक अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



इस नई जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए सांपला ने कहा कि वे इस पद को बड़े सम्मान और गर्व के साथ संभालेंगे। उन्होंने गुरु रविदास जी के आदर्शों को विश्वज़र में फैलाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और महापीठ के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प लिया। उनका लक्ष्य समाज में समानता, न्याय और भाईचारे को बढ़ावा देना रहेगा।

नई कार्यकारिणी में अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर पूर्व राज्यसभा सदस्य दुष्यंत कुमार गौतम, अंतराष्ट्रीय उपाध्यक्ष केंद्रीय राज्यमंत्री डा. एल मुरूगन और उत्तराखंड के पूर्व विधायक सुरेश राठौड़ को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। रविदास विश्व महापीठ का मुख्य उद्देश्य गुरू रविदास के संदेशों को प्रचार प्रसार करना और देश में तेज से बढ़ते धर्म परिवर्तन को रोककर अपने हिंदू समाज को एकजुट रखना है। श्री रविदास विश्व महापीठ के महामंत्री संगठन सूरज ज्ञान कटारिया ने कहा कि विजय सांपला इससे पहले अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं, इस दौरान सामाज के प्रति उनकी निष्ठा और स्वीकार्य को देखकर उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

हमें पूरा ज़रोसा है कि धर्म परिवर्तन के खिलाफ सांपला मजबूत आवाज बनेंगे। विजय सांपला का राजनीतिक जीवन काफी प्रेरणादायक रहा है। जालंधर के निकट सोफी पिंड के सरपंच बनने से सांपला का राजनीतिक जीवन शुरु हुआ। उसके बाद ज़ारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य बन अपनी अगली राजनीतिक यात्रा शुरू की। वे भाजपा में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं और पार्टी के लिए मेहनत और समर्पण के साथ काम किया है।

2014 के लोकसज़ा चुनाव में उन्होंने होशियारपुर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की और सांसद बने। उन्होंने केंद्र सरकार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में ज़ी सेवा की, जहां उन्होंने अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनके कार्यकाल में उन्होंने सामाजिक न्याय, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाओं और नीतियों को लागू करने में योगदान दिया।

# पंजाब में विजिलेंस ब्यूरो ने पकड़ा प्रधानमंत्री आवास योजना में घोटाला, मामला दर्ज

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने पटियाला जिला के अंतर्गत आते नाभा में प्रधानमंत्री आवास योजना में 1.84 करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफ़ाश किया है। जांच के बाद विजिलेंस ने अफसरों और ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

विजिलेंस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि वर्ष 2018 में नगर काउंसिल नाभा को हाउस फॉर ऑल स्कीम के तहत फंड प्राप्त हुए थे। एक नवंबर, 2018 से 6 नवंबर 2018 तक 6 दिन के अंदर विकास कार्यों के फर्जी बिल तैयार कर 1 करोड़ 84 लाख 45 हजार 551 रुपए का गबन कर लिया था। विजिलेंस की जांच में सामने आया है कि उक्त राशि से कोई भी विकास कार्य नहीं किया गया, बल्कि अधिकारियों ने ठेकेदार के साथ मिलीभगत कर इस योजना के तहत जरूरतमंदों के लिए घर बनाने के बजाय कार्यों को विकास कार्य के रूप में दिखाकर फंडों का गबन किया है।



आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते हैं। मोब. 97814-00247, 97804-00247



# MICROSOFT SERVER DOWN

# दुनिया भर में उड़ानें प्रभावित, बैंकिंग और टीवी टेलिकास्ट बाधित

**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** माइक्रोसॉफ्ट कॉर्प की क्लाउड सेवाओं में शुक्रवार (19 जुलाई) को तकनीकी खराबी आ गई। इसका दुनियाभर में विमान सेवाओं पर बड़ा असर हुआ।

भारत समेत कई देशों में उड़ानों को रद्द करना पड़ा। वहीं कुछ फ्लाइट्स ने देरी से उड़ान भरी। माइक्रोसॉफ्ट ने क्लाउड सर्विस में आई इस तकनीकी गड़बड़ी की पुष्टि की है। कंपनी ने कहा है कि इस तकनीकी खराबी को दूर करने की कोशिश की जा रही है।

**टीवी प्रसारण और बैंकिंग सेवाएं भी प्रभावित:** शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई तकनीकी गड़बड़ी का असर विमान सेवाओं के साथ ही टीवी प्रसारण और बैंकिंग सेवाओं पर भी हुआ। कई कॉर्पोरेट कंपनियों का कामकाज प्रभावित हुआ। इस तकनीकी समस्या के कारण हवाई अड्डों पर चेक-इन और टिकट बुकिंग में समस्या आ रही है। इसकी वजह से उड़ानें या तो देरी से चल रही हैं या फिर कैंसल कर दी जा रही हैं।

**भारत में ये चार एयरलाइंस प्रभावित हुईं :** भारत में इंडिगो, स्पाइसजेट, अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस जैसी चार एयरलाइंस ने बताया कि उनकी बुकिंग, चेक-इन और उड़ान अपडेट सेवाएं इस तकनीकी समस्या के कारण प्रभावित हुई हैं। सेवाएं नहीं मिलने के कारण लोग हवाई अड्डों पर परेशान हो रहे हैं।

**हैदराबाद और बेंगलुरु की कॉर्पोरेट कंपनियां प्रभावित :** हैदराबाद और बेंगलुरु में कई कॉर्पोरेट कंपनियां वायरस अटैक की चपेट में आ गई हैं। सिस्टम ब्लू स्क्रीन पर आने के बाद रीस्टार्ट हो रहे हैं। कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि अगले 2 घंटे के लिए सिस्टम बंद रखें।

**ब्रिटेन में स्काई न्यूज का प्रसारण रुका :** माइक्रोसॉफ्ट की तकनीकी समस्या के कारण ब्रिटेन में स्काई न्यूज चैनल का प्रसारण रुक गया है। कंपनी के कार्यकारी अध्यक्ष के अनुसार, चैनल आज सुबह से लाइव प्रसारण नहीं कर पा रहा है।

**ऑस्ट्रेलिया की टेलीकॉम कंपनी टेल्स्ट्रा ग्रुप प्रभावित :** ऑस्ट्रेलिया की टेलीकॉम कंपनी टेल्स्ट्रा ग्रुप ने कहा कि वह भी रुकावटों का सामना कर रही है। कंपनी ने कहा, हमारी कुछ प्रणालियां माइक्रोसॉफ्ट की तकनीकी समस्या से प्रभावित हैं। इस समस्या के कारण हमारे कुछ ग्राहकों को असुविधा हो रही है और हम उनके धैर्य के लिए धन्यवाद देते हैं।



## अकासा एयरलाइंस की सेवाएं अस्थायी रूप से बंद

अकासा एयरलाइंस भी इस आउटेज से प्रभावित हुई। एयरलाइन ने शुक्रवार को कहा कि मुंबई और दिल्ली एयरपोर्ट पर उनकी कुछ ऑनलाइन सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। एयरलाइंस ने कहा, हमारी कुछ ऑनलाइन सेवाएं, जिनमें बुकिंग और चेक-इन सेवाएं शामिल हैं, अस्थायी रूप से उपलब्ध नहीं होंगी।

## स्पाइसजेट की सेवाओं पर भी पड़ा असर

स्पाइसजेट ने कहा, हम फिलहाल उड़ान में होने वाली रुकावटों के अपडेट देने में तकनीकी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। हमारी टीम इसे हल करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है और समस्या हल होने पर हम आपको सूचित करेंगे।

## कई विदेशी एयरलाइन भी हुईं प्रभावित

माइक्रोसॉफ्ट के क्लाउड सेवाओं में आए आउटेज ने अमेरिकी एयरलाइनों को बुरी तरह प्रभावित किया है। इस आउटेज के चलते कई उड़ानों को रोकना पड़ा और कुछ को रद्द भी करना पड़ा। फ्रंटियर एयरलाइंस, एलेजियन्ट और सनकंट्री जैसी कंपनियों ने बताया कि उनके ऑपरेशन्स पर इसका असर पड़ा है। फ्रंटियर एयरलाइंस ने कहा कि वे सामान्य संचालन की प्रक्रिया में हैं और ग्राउंड स्टॉप को हटा लिया गया है।

## एयरलाइंस पर आउटेज का असर

फ्रंटियर एयरलाइंस ने बताया कि मेजर माइक्रोसॉफ्ट टेक्निकल आउटेज ने उनके ऑपरेशन्स को अस्थायी रूप से प्रभावित किया। सनकंट्री एयरलाइंस ने बताया कि एक थर्ड पार्टी वेंडर ने उनकी बुकिंग और चेक-इन सुविधाओं को प्रभावित किया। एलेजियन्ट एयरलाइंस ने सीएनएन को बताया कि माइक्रोसॉफ्ट एज्योर इश्यू के कारण एलेजियन्ट वेबसाइट वर्तमान में उपलब्ध नहीं है।

## फ्रंटियर एयरलाइंस ने 147 उड़ानों को रद्द किया

इस आउटेज के कारण, फ्रंटियर एयरलाइंस ने 147 उड़ानों को रद्द किया और 212 अन्य को देरी से चलाया। फ्लाइटअवेयर के डेटा के अनुसार, एलेजियन्ट की 45त्न उड़ानें देरी से चलीं और सनकंट्री ने 23त्न उड़ानों को देरी से चलाया। अमेरिकी एयरलाइंस ने भी अपनी सभी उड़ानों को ग्राउंड कर दिया, जिसके पीछे संचार समस्या थी।

## माइक्रोसॉफ्ट ने इस तकनीकी खराबी को लेकर क्या कहा?

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि उनका आउटेज लगभग शाम 6 बजे श्वज्ञ से शुरू हुआ, जिसमें उनके कुछ ग्राहकों को सेंट्रल यूएस क्षेत्र में कई Azure सेवाओं के साथ समस्याओं का सामना करना पड़ा। Azure एक क्लाउड कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म है जो एप्लिकेशन्स और सेवाओं के निर्माण, परिनियोजन और प्रबंधन के लिए सेवाएं प्रदान करता है।

# अकाली नेता बिक्रम मजीठिया का आरोप-मेरे फोन टैप कर रही पंजाब सरकार, घर पर भी रखी जा रही नजर




**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** पूर्व मंत्री और अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने आरोप लगाया है कि पंजाब सरकार उनके फोन टैप कर रही है। वह कब घर से बाहर जाते हैं और कब घर के अंदर जाते हैं, उन पर नजर रखी जा रही है। उनके घर कौन आता-जाता है, इसकी जानकारी पर भी सरकार नजर रख रही है। मानहानि के मामले में अदालत में पेश होने पहुंचे मजीठिया ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से उनकी हर हलचल पर नजर रखी जा रही है। यहां तक उनके फोन तक टैप करवाए जा रहे हैं। जानबूझ कर उन पर एसआईटी का दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है क्योंकि मानहानि मामले में तारीख की जानकारी होने बावजूद एसआईटी की तरफ 18 जुलाई को पेश होने का समन भेजा गया था। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी घेरा और कहा कि मौजूदा समय में वह एसआईटी का उनके खिलाफ गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री होने के साथ ही वह गृह मंत्री भी हैं। इसके तहत पूरा पुलिस विभाग उनके अधीन आता है। अपनी इसी पावर का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

मजीठिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि नशे के मामले में चालान जरूर पेश किया जाएगा, लेकिन कई एसआईटी बन चुकी हैं। अब मुख्यमंत्री यह बताएं कि चालान उन्होंने पेश करना है या एसआईटी ने। इसके अलावा उन्होंने कहा कि वह केस रि-राइट कर रहे हैं, जोकि गैर कानूनी है।

मजीठिया ने कहा कि 6 जुलाई को मानहानि के इसी मामले में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह अदालत में पेश होकर गए थे। खबरें अखबारों से लेकर चैनलों में चली और उसमें साफ बताया गया कि अगली तारीख 18 जुलाई को है, क्या एसआईटी को इस बारे में नहीं पता था कि उनकी मानहानि केस में तारीख है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार उनके इस केस को कमजोर करने की कोशिश कर रही है।

यही कारण है कि सरकार ने एसआईटी के माध्यम से उन्हें समन भेज दिया, ताकि वह चंडीगढ़ चले जाए और मानहानि केस में पेश न हो सकें। उन्होंने कहा कि वह भी इतने नादान नहीं हैं, उनके पास भी समझदार वकील हैं और उनसे राय लेने के बाद वह पेश होने के लिए पहुंचे हैं।

## बागी अकालियों को भी मिले धार्मिक सजा

मजीठिया ने कहा कि अकाल तख्त साहिब से धार्मिक सजा सिर्फ अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर को ही नहीं, बल्कि बागी अकालियों को भी मिलनी चाहिए, क्योंकि बागी अकालियों ने भी अकाली दल की सरकार के दौरान सत्ता का सुख बराबर भोगा है।

मजीठिया ने कहा कि एसआईटी कानून के अनुसार नही चलती बल्कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के आदेशों का पालन करती है, क्योंकि मुख्यमंत्री गृह मंत्री भी हैं और पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण गृह मंत्री और मुख्यमंत्री को ही करना होता है। ड्रग मामले में अब तक कई एसआईटी बदली जा चुकी हैं, एसआईटी में शामिल अधिकारियों को पहले प्रमोशन दिया जाता है। उनके मामले में एसआईटी का गठन डीजीपी स्तर से लेकर डीआइजी स्तर तक किया गया था। लेकिन अब यह इंस्पेक्टर स्तर पर आ गया है।



# पंजाब के मुख्य सचिव ने उपायुक्तों की बुलाई आपात बैठक, इस गंभीर मुद्दे चर्चा करके दिए सख्त निर्देश

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब में भगवंत मान की सरकार प्रदेश के लोगों को सरकारी खर्चे पर सारी सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए लगातार काम और प्रयास कर रही है। इसी के तहत प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने बीते दिन राज्य के सभी डिप्टी कमिश्नरों की एक इमरजेंसी बैठक बुलाई। इस बैठक में मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने पंजाब के उन शहरों की स्थिति का जायजा लिया, जहां डायरिया के मामले सबसे ज्यादा हैं। मुख्य सचिव ने डायरिया के इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए यह इमरजेंसी बैठक बुलाई है।

## मुख्य सचिव का अधिकारियों को निर्देश

इस बैठक में संबंधित विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी, नगर निगम आयुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त (शहरी विकास), ङ्गश्वह्, श्वह् और सिविल सर्जन शामिल हुए थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने कहा कि सीएम भगवंत मान का साफ निर्देश है कि प्रदेश के सभी नगर निगमों और नगर समितियों को 100 प्रतिशत प्रदूषण मुक्त पीने का पानी उपलब्ध करवाया जाए और अधिकारी अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने बेठक में शामिल सभी डिप्टी कमिश्नरों, नगर निगमों के कमिश्नर और कार्यकारी अधिकारियों को कई सख्त निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा सभी अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगाहों और झुग्गी-झोपड़ियों का व्यक्तिगत रूप से दौरा करें।

## CMC और EO से ले प्रमाण पत्र

मुख्य सचिव ने बताया कि अधिकारी दौरा करते हुए इन सभी जगाहों के पीने वाले पानी के दूषित होने की संभावना पर तुरंत उचित कदम उठाए। मुख्य सचिव ने स्थानीय निकाय सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि वह सभी ष्टरूष्ट और श्वह् से प्रमाण पत्र ले कि उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी क्षेत्रों में प्रदूषण मुक्त पानी की आपूर्ति की जा रही है।




# जेल में बंद निर्दलीय सांसद अमृतपाल सिंह ने किया हाई कोर्ट का रुख, याचिका में की ये बड़ी मांग

**जालंधर ( हिमांशु ) :** जेल में बंद खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. लाइव लॉ के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का रुख करते हुए उन्होंने एनएसए को रद्द करने की मांग की है.

अपनी याचिका में सांसद अमृतपाल सिंह ने तर्क दिया है कि उसके जीवन और स्वतंत्रता को असामान्य और क्रूर तरीके से पूरी तरह से छीन लिया गया है.

उन्होंने ये भी कहा, न केवल उसके खिलाफ एक वर्ष से अधिक समय तक प्रिवेंटिव डिटेंशन कानून लागू किया गया बल्कि उसे उसके गृह राज्य से 2,600



किमी दूर हिरासत में रखा गया. उन्होंने कहा कि चूंकि उन्होंने संविधान के तहत शपथ ली है, इसलिए उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र और पंजाब राज्य के सर्वोत्तम हित का प्रतिनिधित्व करने का अधिकार अर्जित किया है.

खडूर साहिब लोकसभा सीट से सांसद अमृतपाल सिंह अभी असम के डिब्रूगढ़ की जेल में बंद हैं. अमृतपाल सिंह ने 5 जुलाई को संसद भवन पहुंचकर सांसद पद की शपथ ली थी.

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने नवनिर्वाचित सांसद को संसद सदस्यता की शपथ दिलाई थी. 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली थी लेकिन, जेल में होने के कारण अमृतपाल सिंह लोकसभा की सदस्यता की शपथ नहीं ले पाए थे. अप्रैल 2023 में गिरफ्तारी के बाद से अमृतपाल सिंह असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं. 19 जून को अमृतपाल सिंह पर लगी एनएसए की अवधि को एक साल के बढ़ा दिया गया था. एनएसए के तहत उनकी हिरासत 24 जुलाई को खत्म होने वाली थी. वो वारिस पंजाब दे के प्रमुख भी हैं.

अमृतपाल सिंह ने एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पंजाब के श्री खडूर साहिब संसदीय क्षेत्र से 2024 का लोकसभा चुनाव जीता है. उन्होंने खडूर साहिब सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी कुलबीर सिंह जीरा को 1 लाख 97 हजार 120 वोट से हराया था.

# खालिस्तानी आतंकवादी लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा के प्रमुख सहयोगी बल्ली को एनआईए ने किया गिरफ्तार

**जालंधर ( सन्नी सहगल ) :** राष्ट्रीय जांच ब्यूरो (एनआईए) ने कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा के एक प्रमुख सहयोगी बल्ली को एक बड़े आतंकवादी नेटवर्क संबंधी मामले में गिरफ्तार किया है।


एनआईए ने एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एनआईए ने एक बयान में बताया कि यह मामला व्यापारियों सहित अन्य लोगों से जबरन वसूली के लिए घातक हथियारों की आपूर्ति करने से जुड़ा है। इस मामले में मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले के रहने वाले बलजीत सिंह उर्फ राणा भाई उर्फ बल्ली को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। यह मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले का रहने वाला है। बयान में कहा गया है कि बल्ली पंजाब में लांडा के आदमियों को हथियारों की आपूर्ति करने वाला प्रमुख व्यक्ति था। इन हथियारों का इस्तेमाल व्यापारियों और अन्य लोगों से जबरन वसूली करने समेत आतंकवादी गतिविधियों को बड़े पैमाने पर अंजाम देने के लिए किया जाता था।

एनआईए ने कहा कि 10 जुलाई, 2023 को स्वतः संज्ञान लेते हुए यह मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान गुरप्रीत सिंह गोपी नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान लांडा के सहयोगी के रूप में की गई है और एक अन्य खालिस्तानी आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता को भी गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच से पता चला है कि बलजीत सिंह ने पंजाब और अन्य स्थानों पर हिंसक वारदातों को अंजाम देकर भारत को अस्थिर करने की विभिन्न प्रतिबंधित खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों की एक बड़ी साजिश के तहत सतनाम सिंह सत्ता को हथियार भी मुहैया कराए थे। ऐसा माना जा रहा है कि लांडा और सत्ता दोनों ही भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कनाडा से गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल रहे हैं। बयान में कहा गया है कि एनआईए खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई के तहत अपनी जांच जारी रखे हुए है।

# हास्टल में रात को होता था गंदा काम, लड़कियों की शिकायत पर वॉर्डन सस्पेंड

**जालंधर ( हिमांशु ) :** मध्य प्रदेश से अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां गर्ल्स हास्टल में रहने वाली छात्राओं ने वार्डन पर आरोप लगाया है कि वह बाहरी पुरुषों को रात में हास्टल में बुलाती है और फिर उनका शराब पीने पिलाने का सिलसिला शुरू हो जाता है।



इसके बाद शराब के नशे में ये लोग लड़कियों से अश्लील हरकतें करते हैं। छात्राओं का आरोप है कि वॉर्डन के कहने पर कुछ लड़कियों को जबरदस्ती बाहर भी ले जाया जाता था। लड़कियों की शिकायत पर वॉर्डन को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही मंत्री विजय शाह ने मामले की जांच के लिए एक कमिटी बनाई है। मामला सामने आने के बाद वॉर्डन को तुरंत सस्पेंड कर दिया गया है। मध्य प्रदेश के जनजाति कार्य मंत्री विजय शाह ने शुक्रवार को इंदौर का दौरा किया और छात्रावास की स्थिति का जायजा लिया।

# थाने में सुंदरकांड पाठ को लेकर भारी हंगामा, कांग्रेस नेताओं ने बताया गैरकानूनी; थाना प्रभारी को नोटिस जारी

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** मध्य प्रदेश में अब सुंदरकांड पर हंगामा मच गया है। थाने में हुए सुंदरकांड को कांग्रेस ने गैरकानूनी बताया है। इस मामले में कांग्रेस नेताओं ने पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा ने थाना प्रभारी को अब कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

बता दें कि थाने में हुए सुंदरकांड के विरोध में संबंधित थाना प्रभारी पर एक्शन लेने की मांग करते हुए कांग्रेस नेताओं ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा था। इसे लेकर कमिश्नर ने बताया कि सुंदरकांड पाठ की अनुमति देने पर जांच होगी कि यह अनुमति किस आधार पर दी गई।

उन्होंने आगे बताया कि थानों में मंदिर और मजारें हैं, उसमें कई बार इस तरीके के आयोजन होते हैं, इनमें निजी व्यक्तियों को अनुमति नहीं होती है। इसे लेकर थाना प्रभारी से इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# बहन को लेकर फिरोजपुर जा रहे थे दोनों, कार ने बाइक को मारी टक्कर, गांव में मातम

**जालंधर ( मेघा सेठी ) :** पंजाब के फिरोजपुर में हुए दर्दनाक हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में उनकी बहन घायल हुई है। तीनों भाई बहन बाइक पर सवार थे, जिनकी बाइक की एक कार से टक्कर हो गई।

मृतकों की पहचान दलजीत सिंह (18), रूप सिंह (20) के तौर पर हुई है। दोनों भाई अपनी बहन को पेपर दिलवाने के लिए घर से साथ गए थे, लेकिन उनको यह बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि वे बहन से साथ घर कभी नहीं लौट पाएंगे। इस हादसे की सूचना के बाद से परिवार का रो-रोकर बूरा हाल है। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

फिरोजपुर के मुदकी-बाघा पुराना रोड स्थित गांव माहला कलां के नजदीक शुक्रवार को यह हादसा पेश आया। यहां





एक डिजायर कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बहन का एक पांव व एक हाथ टूट गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच शव कब्जे में लेकर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक दलजीत सिंह (18), रूप सिंह (20) व रमनदीप कौर (20) वासी हरीएवाला बाइक पर सवार होकर फिरोजपुर आ रहे थे। रमनदीप कौर का फिरोजपुर में पेपर था। मुदकी-बाघा पुराना रोड स्थित गांव माहला कलां के पास हाईवे के रास्ते से आ रही बाइक को मुदकी की ओर से तेज रफ्तार से जा रही डिजायर कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दलजीत व रूप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रमनदीप कौर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। रमनदीप का एक पांव व एक हाथ टूट गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है।